25 लाख की चोरी का 36 घंटे में खुलासा

मित्र ही निकला मास्टरमाइंड, तीन आरोपी गिरफ्तार

23 लाख के जेवर, 85 हजार नकद, बाइक, तिजोरी और अवैध बंदूक बरामद ; एक आरोपी पर राजस्थान में 50 हजार का इनाम

नवभारत न्यूज

पोहरी 29 जून। पोहरी थाना क्षेत्र में पार्षद नीतू शर्मा के घर हुई करीब 25 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने महज 36 घंटे में खुलासा कर दिया। मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस चोरी का मुख्य सूत्रधार रामेश्वर गोस्वामी उर्फ लल्लू बाबा निकला, जो पार्षद नीतू शर्मा का बेहद करीबी मित्र था और उनके घर पर उसका नियमित आना-जाना था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 23 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, 85 हजार रुपये नकद, चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल, लोहे की तिजोरी और एक अवैध देशी बंदूक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल श्रीवल्लभ उर्फ रनघोर पारदी पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

ऐसे पहुंची पुलिस आरोपियों तक : 25 जून को अनुज शर्मा ने थाना पोहरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 जून की रात चोर उनके छोटे भाई नीतू शर्मा के घर के ताले काटकर तिजोरी, सोने-चांदी के जेवर और पल्सर बाइक चोरी कर ले गए।

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी आनंद राय तथा थाना प्रभारी रवि चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद से सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई।

> **जिस पर सबसे ज्यादा भरोसा था, उसी ने पीठ में छुरा घोंपा**
>
> चोरी के खुलासे के बाद पार्षद नीतू शर्मा भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि रामेश्वर गोस्वामी उर्फ लल्लू बाबा पर मुझे अखंड विश्वास था, लेकिन आज वही विश्वास टूट गया। हर दीपावली पर उसे कपड़े दिलाता था, जरूरत पड़ने पर नगद सहायता करता था, अस्पताल में भी उसकी हर संभव मदद की। मैंने उसे परिवार का सदस्य माना, लेकिन वही आस्तीन का सांप निकला और उसी ने मेरे घर में चोरी की साजिश रच डाली।

जांच के दौरान चकराना रोड स्थित सीएचसी अस्पताल के पास पुलिया के नीचे चोरी गई बाइक और टूटी हुई तिजोरी मिली। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कॉलेज के पीछे से रामनिवास मोगिया, श्रीवल्लभ उर्फ रनघोर पारदी और रामेश्वर गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने चोरी का माल रामेश्वर गोस्वामी के खेत के पास नाले में मिट्टी में दबाकर छिपाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने वहां से मंगलसूत्र, अंगूठियां, कड़े, जंजीर, झुमकियां सहित करीब 23 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 85 हजार रुपये नकद बरामद कर लिए।

पुलिस के अनुसार श्रीवल्लभ पारदी पर मध्य प्रदेश और राजस्थान में चोरी, लूट, डकैती, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि रामनिवास मोगिया के खिलाफ भी दोनों राज्यों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

मुख्यमंत्री दौरे को लेकर प्रशासन फुल अलर्ट कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 29 जून। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित शिवपुरी दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा सोमवार को स्वयं मैदान में उतरे और संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, जनसुविधाओं और आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर ने सबसे पहले पोलोग्राउंड और गांधी पार्क पहुंचकर मंच व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, आमजन की सुविधाएं, सुरक्षा इंतजाम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने हवाईपट्टी पहुंचकर हेलीकॉप्टर

> **जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ पोलोग्राउंड, गांधी पार्क और हवाईपट्टी पर पहुंचे**

लैंडिंग, सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी तैयारियों का भी सूक्ष्म परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने और सभी तैयारियां समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव एवं हरवीर रघुवंशी ने भी संभावित कार्यक्रम स्थलों का अवलोकन कर प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया और आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, एसडीएम आनंद राजावत, डिप्टी कलेक्टर अनुराग निंगवाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग का दिया जा रहा प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 29 जून। जिले में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग एवं आत्मा योजना के मैदानी अमले द्वारा विभिन्न विकासखंडों और गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रमों में किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग, प्राकृतिक खेती, हरी खाद के प्रयोग तथा समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने से उत्पादन लागत कम होती है, मिट्टी की उर्वराशक्ति बनी रहती है तथा फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग अपनाएं तथा प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर मिट्टी के स्वास्थ्य का संरक्षण करें। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि खेत बचाओ अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों एवं ग्राम स्तर पर 30 जून तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

संत कबीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई, निकाली रैली

नवभारत न्यूज

नरवर 29 जून। संत शिरोमणि कबीर साहिब जी की जयंती के अवसर पर नरवर नगर में भव्य रैली निकालकर उत्साह एवं श्रद्धा के साथ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने भाग लेकर कबीर साहिब जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत कबीर साहिब जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात शोभा यात्रा नरवर नगर के अंबेडकर बस स्टैंड ,पुराना थाना, गांधी बाजार, गणेश बाजार ,लोहड़ी माता मंदिर होते हुए कबीर साहब के आश्रम तक प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा एवं रैली निकाली गई। रैली में शामिल श्रद्धालु कबीर साहिब जी के संदेशों और भजनों का गायन करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

रैली के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों ने कबीर साहिब जी के जीवन, उनके सामाजिक योगदान तथा मानवता, समानता और भाईचारे के संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कबीर साहिब जी ने समाज में फैली कुरीतियों और भेदभाव का विरोध करते हुए प्रेम, सत्य और सद्भाव का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं, भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक, युवा, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 29 जून। 33 के.व्ही. जसराजपुर फीडर, 11 के.व्ही. सकलपुर पम्प फीडर एवं फूड पार्क-1 तथा फूड पार्क-2 फीडर पर मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण उक्त फीडरों से जुड़े क्षेत्रों पर 30 जून को विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा।

उक्त 33 के.व्ही. जसराजपुर फीडर के बंद रहने से सुबह 07 से प्रात: 11 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जसराजपुर, सिरसौद एवं ठर्रा से जुड़े समस्त क्षेत्र एवं एच.टी. उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 11 के.व्ही. सकलपुर पम्प फीडर के बंद रहने से सुबह 08 से दोपहर 12 बजे तक 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र सतनवाड़ा, सकलपुर पम्प से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार फूड पार्क-1 तथा फूड पार्क-2 फीडर के बंद रहने से प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक फूड पार्क से संबंधित क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

आज होगा अभिषेक

सागर. आषाढ़ माह के प्रथम मंगलवार को श्री देव डूठाबली हनुमान जी को गंगा जमुना सरजू नर्मदा आदि के जल से एवं दूध दही शहद घी से अभिषेक किया जाएगा. तत्पश्चात भगवान को सिंदूर अर्पण कर विभिन्न प्रकार के फल और फूलों से श्रृंगार संतोष सोनी मारुति द्वारा किया जाएगा. रात्रि 8 बजे 1100 दीपों से महाआरती होगी. भगवान को विभिन्न प्रकार के फलों एवं दूध का महा भोग अर्पण किया जाएगा. श्री राम मारुती धाम पर पिता भगवान श्री केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान जी की पूजा अर्चना की जायेगी.

आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि आज

शिवपुरी 29 जून। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शिवपुरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के डीएसडी पोर्टल पर 30 जून तक ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने मोबाइल फोन, ऑनलाइन सहायता केंद्रों अथवा आईटीआई के हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

30 जून तक कर सकते हैं संस्थान एवं व्यवसाय का चयन: प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों को पंजीयन के उपरांत अपनी पसंद के संस्थान एवं व्यवसाय का चयन करना होगा। 30 जून के बाद सभी आवेदकों की कॉमन रैंक सूची प्रदर्शित की जाएगी, जिसके आधार पर प्रवेश प्रक्रिया आगे संचालित की जाएगी।

25 हजार किलो अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. कृषि विभाग की टीम ने अवैध उर्वरक भंडारण और विक्रय के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है.

खुरई रोड पर गढ़ौली खुर्द स्थित मेसर्स माँ हरसिद्धि एग्रो (ट्रेडर्स) और गुजरात के %सहदेव फर्टिलाइजर्स के खिलाफ बिना अनुमति और वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से उर्वरक भंडारण करने के मामले में थाना कैंट में एफआईआर दर्ज हुई. जानकारी के अनुसार कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक शिवकांत सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुडारी में सचिन गुप्ता के मकान में अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा है.

> सूचना की तस्दीक के लिए कृषि विभाग की टीम ने पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर छापेमारी की. वहाँ एक हैवी ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 2213 से उर्वरक की बोरियाँ उतारकर मकान में रखी जा रही थीं. जांच टीम ने मौके से कुल 500 बोरी अवैध उर्वरक की जप्त किया है, जिसका कुल वजन 25,000 किलोग्राम है. इसमें से 230 बोरियाँ ट्रक में और 270 बोरियाँ मकान के अंदर रखी हुई पाई गईं. जप्त किए गए उर्वरक की कुल कीमत 1,25,000 और जप्त ट्रक की कीमत करीब 20 लाख बताई जा रही है. आरोपी प्रदीप साहू भंडारण और खरीदी-बिक्री से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर पेश नहीं कर सका. कृषि विभाग की शिकायत पर कैंट पुलिस ने मेसर्स माँ हरसिद्धि एग्रो के प्रोपराइटर प्रदीप साहू पिता काशीराम साहू और सहदेव फर्टिलाइजर्स (भावनगर, गुजरात) के प्रोपराइटर महेश रामजी भाई चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, के तहत अपराध संख्या 0332/2026 पंजीकृत कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है. परीक्षण के लिए उर्वरक के सैंपल भी प्रयोगशाला भेजे गए हैं. कार्रवाई के दौरान अनिल राय, अंकित रावत, आर. डी. लडिया, भूपेंद्र राजपूत, राघवेंद्र राजपूत, कुलदीप क्रिश्चियन उपस्थित रहे.

फिल्टर प्लांट की हुई सफाई

नवभारत न्यूज

बंडा 29 जून. बरसात के मौसम को देखते हुए नगर परिषद ने पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ किया है.

उपयंत्री आकाश राठौर के नेतृत्व में जलप्रदाय प्रभारी सीताराम विश्वकर्मा एवं कर्मचारियों ने फिल्टर प्लांट सहित जलप्रदाय व्यवस्था के विभिन्न घटकों की सफाई कराई. नगर परिषद अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले ने बताया कि नगरवासियों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. बेबस नदी से लिए जा रहे पानी का फिल्टर प्लांट में शुद्धिकरण कर आपूर्ति की जा रही है. जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से परीक्षण किए जा रहे हैं तथा जांच के आधार पर फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडरमात्रा निर्धारित की जा रही है.

सुल्तानगढ़ वाटर फॉल पर दो माह के लिए आमजन का प्रवेश प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 29 जून। वर्षाकाल के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी शिवपुरी श्री आनन्द सिंह राजावत ने भारतीय नागरिक

> **मानसून के दौरान जनसुरक्षा को देखते हुए एसडीएम ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर सुल्तानगढ़ वाटर फॉल पर आमजन के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से दो माह की अवधि के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।

जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध मानसून के दौरान संभावित जोखिमों एवं जनहानि की आशंका को देखते हुए लगाया गया है। यह आदेश आपदा प्रबंधन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। प्रभारी तहसीलदार सुभाषपुरा एवं थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा प्रस्तुत संयुक्त प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि मानसून के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक सुल्तानगढ़ वाटर फॉल पहुंचते हैं, जिससे प्रतिकूल परिस्थितियों में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

उल्लंघन पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई : आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 सहित अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम के औचक निरीक्षण में खुलीं विद्यालय की लापरवाहियां

नवभारत न्यूज

पोहरी 29 जून। पोहरी अनुभाग के अंतर्गत आने वाले संकुल केंद्र छर्च स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय का सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे एसडीएम जेपी गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं में कई गंभीर

> **तीन शिक्षिकाएं मिलीं अनुपस्थित, एमडीएम व्यवस्था पर कार्रवाई**

खामियां सामने आईं, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ तीन शिक्षिकाएं नंदनी चौहान, मीणा तिजोरिया एवं किरण मेवाड़ हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बावजूद बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिलीं। इस पर तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विद्यालय में

मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) के संचालन में भी गंभीर लापरवाही पाई गई। समय पर भोजन वितरण नहीं होना तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं परोसे जाने पर रामजानकी स्व सहायता समूह एवं गढ़ी सरकार स्व सहायता समूह को हटाने के लिए बीआरसीसी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने संबंधित संकुल प्रभारी को विद्यालय की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय विद्यालयों में शिक्षा एवं विद्यार्थियों से जुड़ी योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पेयजल सप्लाई का संचालन निगम करेगा

निजी कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई पार्षदों ने, विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून.नगर निगम सभाकक्ष में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण, टाटा एवं सीवरेज परियोजना सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई.

बैठक में विधायक श्री जैन द्वारा एक जुलाई से प्रारंभ होने वाले व्यापक वृक्षारोपण अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई. निर्णय लिया गया कि गत वर्षों में लगाए गए पौधों की वर्तमान स्थिति का आंकलन करने के बाद प्रत्येक वार्ड विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे. बैठक में विधायक ने कहा कि शहर के श्मशान घाटों पर ही मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके. पार्षदों ने टाटा प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कंपनी ने पुरानी पाइपलाइन हटाए बिना नई लाइन को उसी से जोड़ दिया, जिससे कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हुईं. ऐसे उपभोक्ताओं को भी जलकर का बिल मिलने की शिकायत सामने आई, जिनके कनेक्शन अब तक लाइन से नहीं जुड़े हैं.

> निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट द्वारा संचालन मद में लगभग 16 करोड़ रुपये की देनदारी लंबित है, जिसका संचालन एमपीयूडीसी के माध्यम से हो रहा है. जबकि बिजली बिल का भुगतान पहले से ही निगम द्वारा किया जा रहा है इसलिए जलप्रदाय व्यवस्था का संचालन टाटा प्रोजेक्ट से वापस लेकर पूर्व की तरह नगर निगम जलप्रदाय विभाग के द्वारा किया जाए. बैठक में वर्षा जल संचयन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. निगमायुक्त ने कहा कि जिन भवनों के नक्शे स्वीकृत किए जाएंगे, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य होगी. शासकीय भवनों, स्कूलों और कॉलेजों में भी वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने की कार्रवाई की जाएगी, जिन भवन स्वामियों के नक्शे पहले से स्वीकृत हैं लेकिन उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूरा नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. निगमायुक्त ने सीवर प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी दी गई कि सीवर के शहर में 60 हजार घरेलू कनेक्शन किए जाना थे मगर अभी तक 30 हजार कनेक्शन किए गए हैं. बैठक में निर्णय लिया गया कि निगमायुक्त द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सीवर कनेक्शनों की समीक्षा की जाएगी. बैठक में एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, धमेंद्र खटीक, रुपेश यादव, मेघा दुबे, श्रीमती संगीता जैन, पार्षद डॉ याकृति जड़िया, श्रीमती अनीता रामू ठेकेदार, वैदेही पुरोहित, श्रीमती पूजा सोनी, रुबी पटेल, हेमंत यादव, रीतेश तिवारी, भरत माते ,सूरज घोसी, प्रहलाद पटेल, उपायुक्त एसएस बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री आयुष शुक्ला उपस्थित थे.

राहतगढ़ जनपद पंचायत सीओ को नोटिस

टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, पिछली तीन बैठकों की समीक्षा की गई

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में पिछले 3 बार की जनसुनवाई के लंबित आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नॉट अटेंडेड शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए. सिटीजन चार्टर के तहत तय समय-सीमा के भीतर ही हर हाल में आवेदनों का निपटारा सुनिश्चित हो, अन्यथा संबंधितों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि खाद व बीज की गुणवत्ता की लगातार सैंपलिंग की जाए और अवैध भंडारण या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल निरीक्षण कर एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई जारी रखें. इसके अलावा एग्रीस्टैक के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से शुरू हो रही मूँग और उड़द की खरीदी से पहले तहसीलदारों द्वारा शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए. लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए राहतगढ़ जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस के साथ साथ आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं. संबल 2.0 योजना के तहत लंबित पंजीयन के कार्यों को गति देने और अनुग्रह सहायता के लंबित मामलों की प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने के लिए कहा गया, साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत और पूर्ण हो चुके कार्यों की संख्या की समीक्षा की गई.